# आधुनिक भारत में बौद्ध धम्म का पुनरुज्जीवन

Priyraj Dr. Priyraj Maheshkar Maheshkar

▶ **To cite this version:**

Priyraj Dr. Priyraj Maheshkar Maheshkar. आधुनिक भारत में बौद्ध धम्म का पुनरुज्जीवन. Ajanta, 2018. ⟨hprints-03384961⟩

**HAL Id: hprints-03384961**

**https://hal-hprints.archives-ouvertes.fr/hprints-03384961v1**

Submitted on 19 Oct 2021

**HAL** is a multi-disciplinary open access archive for the deposit and dissemination of scientific research documents, whether they are published or not. The documents may come from teaching and research institutions in France or abroad, or from public or private research centers.

L'archive ouverte pluridisciplinaire **HAL**, est destinée au dépôt et à la diffusion de documents scientifiques de niveau recherche, publiés ou non, émanant des établissements d'enseignement et de recherche français ou étrangers, des laboratoires publics ou privés.

ISSN 2277 - 5730
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY
QUARTERLY RESEARCH JOURNAL

# AJANTA

Volume - VII Issue - III July - September - 2018

English Part - IV / Hindi Part - III

**Peer Reviewed Referred
and UGC Listed Journal**

Journal No. 40776

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

IMPACT FACTOR / INDEXING
2018 - 5.5
www.sjifactor.com

❖ EDITOR ❖

**Assit. Prof. Vinay Shankarrao Hatole**

M.Sc (Math's), M.B.A. (Mkt), M.B.A (H.R),
M.Drama (Acting), M.Drama (Prod & Dirt), M.Ed.

❖ PUBLISHED BY ❖

Ajanta Prakashan
Aurangabad. (M.S.)

The information and views expressed and the research content published in this journal, the sole responsibility lies entirely with the author(s) and does not reflect the official opinion of the Editorial Board, Advisory Committee and the Editor in Chief of the Journal **"AJANTA"**.
Owner, printer & publisher Vinay S. Hatole has printed this journal at Ajanta Computer and Printers, Jaisingpura, University Gate, Aurangabad, also Published the same at Aurangabad.

**Printed by**

Ajanta Computer, Near University Gate, Jaisingpura, Aurangabad. (M.S.)

**Published by :**

Ajanta Prakashan, Near University Gate, Jaisingpura, Aurangabad. (M.S.)
Cell No. : 9579260877, 9822620877, Ph.No. : (0240) 2400877
E-mail : ajanta1977@gmail.com, www.ajantaprakashan.com

**AJANTA - ISSN 2277 - 5730 - Impact Factor - 5.5 (www.sjifactor.com)**

# EDITORIAL BOARD

**Professor Kaiser Haq**
Dept. of English, University of Dhaka,
Dhaka 1000, Bangladesh.

**Roderick McCulloch**
University of the Sunshine Coast,
Locked Bag 4, Maroochydore DC,
Queensland, 4558 Australia.

**Dr. Ashaf Fetoh Eata**
College of Art's and Science
Salmau Bin Adbul Aziz University. KAS

**Dr. Nicholas Loannides**
Senior Lecturer & Cisco Networking Academy Instructor,
Faculty of Computing, North Campus,
London Metropolitan University, 166-220 Holloway Road,
London, N7 8DB, UK.

**Muhammad Mezbah-ul-Islam**
Ph.D. (NEHU, India) Assot. Prof. Dept. of
Information Science and Library Management
University of Dhaka, Dhaka - 1000, Bangladesh.

**Dr. Meenu Maheshwari**
Assit. Prof. & Former Head Dept.
of Commerce & Management
University of Kota, Kota.

**Dr. S. Sampath**
Prof. of Statistics University of Madras
Chennari 600005.

**Dr. D. H. Malini Srinivasa Rao**
M.B.A., Ph.D., FDP (IIMA)
Assit. Prof. Dept. of Management
Pondicherry University
Karaikal - 609605.

**Dr. S. K. Omanwar**
Professor and Head, Physics,
Sat Gadge Baba Amravati
University, Amravati.

**Dr. Rana Pratap Singh**
Professor & Dean, School for Environmental
Sciences, Dr. Babasaheb Bhimrao Ambedkar
University Raebareily Road, Lucknow.

**Dr. Shekhar Gungurwar**
Hindi Dept. Vasantrao Naik
Mahavidyalaya Vasarni, Nanded.

**Memon Sohel Md Yusuf**
Dept. of Commerece, Nirzwa College
of Technology, Nizwa Oman.

**Dr. S. Karunanidhi**
Professor & Head,
Dept. of Psychology,
University of Madras.

**Prof. Joyanta Borbora**
Head Dept. of Sociology,
University, Dibrugarh.

**Dr. Walmik Sarwade**
HOD Dept. of Commerce
Dr. Babasaheb Ambedkar Marathwada
University, Aurangabad.

**Dr. Manoj Dixit**
Professor and Head,
Department of Public Administration Director,
Institute of Tourism Studies,
Lucknow University, Lucknow.

**Prof. P. T. Srinivasan**
Professor and Head,
Dept. of Management Studies,
University of Madras, Chennai.

**Dr. P. A. Koli**
Professor & Head (Retd.),
Department of Economics,
Shivaji University, Kolhapur.

# EDITORIAL BOARD

**Dr. P. Vitthal**
School of Language and Literature
Marathi Dept. Swami Ramanand
Teerth Marathwada University, Nanded.

**Dr. Jagdish R. Baheti**
H.O.D. S. N. J. B. College of Pharmacy,
Meminagar, A/P. Tal Chandwad, Dist. Nashik.

**Dr. Sadique Razaque**
Univ. Department of Psychology,
Vinoba Bhave University,
Hazaribagh, Jharkhand.

**Prof. Ram Nandan Singh**
Dept. of Buddhist Studies University of Jammu.

**Dr. Varsha H. Borgaonkar**
HOD Commerce, Associate Professor, Manghanmal
Udaharan College of Commerce, Pimpri, Pune - 17.

**PUBLISHED BY**

**Ajanta Prakashan**
Aurangabad. (M.S.)

# CONTENTS OF ENGLISH PART - IV


| Sr. No. | Name & Author Name | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | Indian Education System: Challenges and Remedies<br>**Dr. Bhawya Sachdeva** | 1-6 |
| 2 | Green HRM - A New Global HRM Practice<br>**Ms. Sonal G. Bairagi** | 7-14 |
| 3 | Empirical Analysis of Inflation in India with Predictive Modelling<br>**Dr. Lalita Mutreja** | 15-20 |
| 4 | Mineralogical and Physicochemical in Order to Assess the Potential Use in the Field of Ceramics<br>**Dr. Kishore Nabaji Koinkar** | 21-24 |
| 5 | Mathematical Beauty<br>**P. V. Kulkarni** | 25-31 |
| 6 | Psychology and Human Development in Maya Angelou's 'I Know Why the Caged Bird Sings'<br>**Dr. S. D. Chavan** | 32-36 |
| 7 | Advantages and Disadvantages of Library Automation<br>**Ramesh Babulal Pimple** | 37-39 |
| 8 | A Comparative of Personality Traits of Junior and Senior Collegiate Powerlifting Players in Aurangabad District<br>**Dr. Kulbhushen P. Baoskar** | 40-44 |
| 9 | Shobha De's Socialite Evenings: An Analysis<br>**Swapnali Bhagwat Mapari** | 45-50 |
| 10 | Haematological Alterations in Catla catla Due to Heavy Metal Toxicity<br>**B. S. Salve** | 51-55 |
| 11 | The Crow Eaters: A Real Reflection of Parsi Culture and Tradition<br>**Nitin K. Deshmukh** | 56-62 |
| 12 | Use of Social Networking Sites by Science Students of Chalisgaon College<br>**Prof. M. V. Bildikar** | 63-66 |

# CONTENTS OF ENGLISH PART - IV


| Sr. No. | Name & Author Name | Page No. |
|---|---|---|
| 13 | The Role of Education in Women Empowerment<br>**Sneha Shankarrao Namewar**<br>**Dr. Ratnakar B. Mhaske** | 67-71 |
| 14 | Changing Role of Training & Development for Nonprofit Organizations<br>**Dr. Hemant Bonde Patil** | 72-75 |
| 15 | An Analytical Study of Working of Primary Agricultural Cooperative Credit Societies in Basavan Begewadi Taluka<br>**Chatrasing Dhadekar** | 76-83 |
| 16 | Irrigation Management in Lift Irrigation System<br>**Mr. Chavan G. B.**<br>**Dr. R. P. Patil** | 84-91 |
| 17 | Evaluation of Dietary Pattern and Nutritional Status of College Going Adolescent Girls<br>**Prof. Bhavna B. Wasnik** | 92-95 |
| 18 | Plastic Waste Crisis and Management in Thailand<br>**Dr. Visitsak Nueangnong** | 96-102 |

# CONTENTS OF HINDI PART - III


| अ.क्र. | लेख आणि लेखकाचे नाव | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| १ | भोजपूरी कवि घाघ का लोक - जीवन<br>**डॉ.लियाकत मियाभाई शेख** | १-४ |
| २ | सामाजिक एकता का प्रतीक : 'आधा गांव'<br>**प्रा. डॉ. शेख मुखत्यार शेख वहाब** | ५-९ |
| ३ | आदिवासी वर्ग के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र - छात्राओं की सृजनात्मक का तुलनात्मक अध्ययन<br>**राजेश कुमार** | १०-१४ |
| ४ | मूस्लीम अल्पसंख्याक राष्ट्रवाद और आतंकवाद<br>**पाटील प्रणिता लक्ष्मणराव** | १५-२० |
| ५ | समकालीन महिला कहानिकारों के कहानियों में स्त्री<br>**डॉ. अश्विनीकुमार नामदेवराव चिंचोलीकर** | २१-२३ |
| ६ | हिंदी साहित्येतिहास लेखन सिद्धांत एवं परंपरा<br>**प्रा. डॉ. प्रतिभा रंगनाथराव धारासूरकर (पिलखाने)** | २४-२७ |
| ७ | समकालीन ग्रामीण जीवन : गांधीजी के विचार<br>**डॉ. चावडा रंजना यदुनंदन** | २८-३२ |
| ८ | महापंडित राहुल सांकृत्यायन की सृजनयात्रा<br>**प्रा.डॉ. रवींद्र भोरे** | ३३-३६ |
| ९ | ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त केदारनाथ सिंह का साहित्यिक योगदान<br>**डॉ. भगवान पी. कांबळे** | ३७-४० |
| १० | सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की औपन्यासिक कला<br>**डॉ. अरुण घोगरे** | ४१-४२ |
| ११ | आधुनिक भारत में बौद्ध धम्म का पुनरुज्जीवन<br>**डॉ. प्रियराज महेशकर** | ४३-४८ |
| १२ | बाल कविताओं में मनोरंजन एवं नैतिकता (डॉ. परशुराम शुक्ल की कविताओं के संदर्भ में)<br>**डॉ. गजाला वसीम अब्दुल बशीर शेख** | ४९-५५ |

# ११. आधुनिक भारत में बौद्ध धम्म का पुनरुज्जीवन

**डॉ. प्रियराज महेशकर**
इतिहास विभाग प्रमुख, प्रियदर्शिनी महिला महाविद्यालय, वर्धा.

ईसा पूर्व छठी शताब्दी में भारत भूमी से निकलकर विश्वधर्म बना बौध्द धम्म, इसा की आठवी शताब्दी के आते आते कई कारणों से तथा बारहवी शताब्दी में उसपर हुए मुस्लीम आक्रमण के आघात से अपने स्वयं की जन्मभूमी भारत से ही लुप्त हो गया था । लेकिन जब भारत में अंग्रेजी औपनिवेशिक शासन का आरंभ हुआ उस समय फिर से बौध्द धम्म और बौध्द विचार पुनरुज्जीवित हो उठे। मुख्यतः पाश्चात्य विव्दानों व्दारा पाली, संस्कृत एवं तिबेटियन भाषाओं में लिखित बौद्ध साहित्य का अनुवाद युरोपियन भाषाओं में करने की पहल से बौद्ध धम्म के पुनरुज्जीवन की प्रक्रीया को गती प्राप्त हुयी। युरोपियन भाषाओं में हुए बौद्ध साहित्य के अनुवाद से पश्चिमी देशों को बौध्द धम्म का परिचय हुआ और इस वजह से कई पाश्चात्य विव्दान–पंडित और विचारक बौध्द विचार की ओर आकर्षित हुए।

1837 ई. में ब्रिटीश अफसर जेम्स प्रिन्सेफ अशोक के स्तंभालेख और आलेखों को पढने में सफल हो गया, जिससे विश्व को पहिली बार प्राचीन काल में ही लोक कल्याणकारी राज्य की नींव रखनेवाले और बौद्ध मत को विश्वभर में पहुँचानेवाले एक बौद्ध सम्राट के रूप में अशोक का परिचय हुआ।

जेम्स प्रिन्सेफ का कार्य आगे बढाते हुए अलेक्झांडर कनिंगहॅम ने राजा हर्षवर्धन के समय भारत आये चीनी यात्री ह्युएनत्संग के यात्रा वृतांत का आधार लेकर भारत के महत्वपूर्ण प्राचीन बौद्ध स्थलों को खोज निकाला ।[1]

ब्रिटिश विव्दान थॉमस विलियम रिझ डेव्हिड ने 1881 ई. में *पालि टेक्स्ट सोसायटी* की स्थापना कर पच्चीस हजार पृष्ठों का अनुवादित पालि साहित्य प्रकाशित किया।[2] लगभग इसी समय 1873 ई. में सर एडविन ॲरनॉल्ड ने बुद्ध की जीवनी पर अपना सुप्रसिद्ध काव्यग्रंथ 'Light of Asia' प्रकाशित किया। इसी ग्रंथ की बदौलत दुनिया को विस्मृती में गए बुद्ध का पुनःपरिचय हो गया।

थिओसोफिकल सोसायटी के संस्थापको में से एक अमरिकी कर्नल हेन्री ऑलकॉट और रूसी पंडित मॅडम ब्लाव्हाटस्की, इन पर बौद्ध मत का खासा असर पडा और वह दोनो बौध्द मत के विस्तृत अध्ययन के लिए श्रीलंका ज्या पहुँचे। वही गॉल नामक गांव में दोनो ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम करके बौद्ध धम्म को अपना लिया।[3]

इस तरह पाश्चात्य विद्वान, शोधकर्ता, ब्रिटिश पुरातत्वविद आदी सभी के प्रयासो से अतित में खोए और पत्थर–मिट्टी के ढेर तले दबे हुए समृद्ध बौद्ध संस्कृती के अवशेष उजागर होते गये, जिससे बौद्ध धम्म की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित हुआ।

पाश्चात्य विद्वानों को बौद्धमत के अध्ययन एवं शोध की तरफ आकर्षित होता देख भारतीय विद्वानों ने भी अपना ध्यान बौद्ध धम्म के अध्ययन पर केंद्रित किया। इन भारतीय विव्दानों में अधिकतर विद्वान बंगाल प्रांत के थे। जिनमें राजेंद्रलाल मित्रा, हरिप्रसाद शास्त्री, सरतचंद्र दास यह कुछ प्रमुख बंगाली अध्ययनकर्ता थे।[4] आगे बंगाल के

कलकत्ता विश्वविद्यालय में पालि भाषा का अध्ययन शुरू हुआ। 1901 ई. में कलकत्ता विश्वविद्यालय से पालि भाषा मे सतीशचंद्र विद्याभूषण एम.ए. की परीक्षा पास करनेवाले पहले विद्यार्थी बन गये।[5]

1880 ई. के आसपास पश्चिमी भारत के आर. जी. भांडारकर और कुछ विद्वानों का ध्यान बौद्ध धम्म की ओर गया। इन्ही विव्दानों में से एक ब्राम्हणेत्तर सुधारक कृष्णराव अर्जुन केलुस्कर ने 1898 ई. में मराठी भाषा में बुध्द चरित्र की किताब लिखी थी जो दसवी कक्षा पास होने पर इनाम के रूप में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को दी गई। इसी भेट में मिले बुध्द चरित्र की किताब को पढकर डॉ. आंबेडकर के मन मस्तिष्क पर बुध्द का प्रभाव इस कदर पडा की आगे वह पुरी तरह बुध्दमय हो गये।[6]

**अनागरिक धम्मपाल (1864–1933)**

आधुनिक काल में भारत के बौध्द धम्म पुनरूज्जीवन आंदोलन में श्रीलंकन सिंहली बौध्द भिक्खु अनागरिक धम्मपाल इनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। धम्मपाल इनका मुलनाम डेव्हिड हेवविथर्ण था। श्रीलंका में जाकर बौध्द बने कर्नल ऑलकॉट के संपर्क में आने के बाद डेव्हिड हेवविथर्ण *अनागरिक धम्मपाल* बन गये और बौध्द धम्म के पुर्णकालिन प्रचारक के रूप में कार्यरत हुए।

कवी सर एडविन ॲरनॉल्ड जिन्होंने 'Light of Asia' नामक किताब लिखी थी, वह 1885 ई. में बुध्दगया गये। बुद्धगया की खस्ता हालत देख उन्हे जबरदस्त आघात पहुॅचा। सतरावी शताब्दी में बुद्धगया के महाविहार पर महंतो ने कब्जा कर उसका रूपांतर एक शिव मंदीर में कर दिया था।[7] बुद्धगया के महाबोधी विहार की हालत देख ॲरनॉल्ड ने महाबोधी विहार के पुनर्निर्माण हेतू मदत जुटाने के लिए *टेलिग्राफ* पत्रिका में लेख लिखकर दुनिया से अपील की।

एडविन ॲरनॉल्ड व्दारा बुध्दगया महाविहार के पुनर्निर्माण हेतु लिखे गये लेखों का परिणाम श्रीलंका स्थित अनागरिक धम्मपाल इनके उपर हुआ। इसी के परिणाम स्वरूप उन्होने जनवरी 1891 में सारनाथ और गुद्धगया की यात्रा की। सारनाथ और बुध्दगया की स्थिती देख वह बहुत दुःखी हो गये। उसी वक्त उन्होने भारत में बौद्ध धम्म आंदोलन को पुनर्जिवित करने हेतु भारत में ही रहने का निश्चय कर लिया। 1891 में उन्होने *महाबोधी सोसायटी ऑफ इंडिया* की स्थापना की और साथ में बुद्ध धम्म विचारों का प्रसार करने हेतु *महाबोधी* नामक पत्रिका भी छापना शुरू कर दी। यह काम वह निरंतर चालीस साल तक करते रहे। अनागरिक धम्मपाल के इस कार्य में उनका सबसे उल्लेखनीय कार्य रहा सारनाथ में जहॉ भगवान बुद्ध ने अपना पहिला प्रवचन देकर धम्मचक्र प्रवर्तन किया था, उसी स्थान पर *मुलगंध कुटी* नामक विहार का निर्माण करना। 1931 में इस विहार के बनने के बाद सें वह विश्वभर के बौद्धों का आकर्षण केंद्र बन गया।[8]

महाबोधी सोसायटी के स्थापना के तुरंत बाद अक्तुबर 1891 में धम्मपाल ने बुद्धगया में एक आंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिषद का आयोजन किया था।[9] 1893 में अमेरिका के शिकागो में हुए विश्व धर्म संसद में धम्मपाल को सम्मान के साथ निमंत्रित किया गया। शिकागो परिषद में धम्मपाल ने बुध्द के प्रती विश्व का दायित्व इस विषय पर प्रभावी व्याख्यान दिया। इसी व्याख्यान की वजह से बौद्ध धम्म की ओर विश्व का ध्यान आकर्षित हुआ, साथ में एक प्रभावी बौध्द पंडित और वक्ता के रूप में अनागरिक धम्मपाल का पुरे विश्व को परिचय भी हो गया। इस बात

का लाभ उन्हे भारत मे उनके बौध्द धम्म पुनरूज्जीवन मिशन में हुआ। होनोलूलू में स्थायी मेरी फॉस्टर इस अमेरिकन महिला ने धम्मपाल को सारनाथ में *मुलगंध कुटी विहार* के निर्माण में बडा आर्थिक सहयोग दिया।

1896 में अनागरिक धम्मपाल के प्रयासों सें ही कलकत्ता में पहली बार बैसाख पुर्णिमा मनायी गई। यह आधुनिक भारत में मनाया गया पहिला बैसाख पुर्णिमा उत्सव था।[10] धम्मपाल ने ही आशुतोष मुखर्जी के सहयोग से कलकत्ता विश्वविद्यालय में पाली भाषा का पाठ्यक्रम शुरू कराया। यह घटना बौद्ध विचारों को गतिमान करने में बडी सहायक सिध्द हुयी।

अनागरिक धम्मपाल ने एक सिलोनी भिक्खु सोमानंद को बौद्ध धम्म प्रचार हेतु मद्रास भेजा था। आधुनिक समय में दक्षिण भारत की भूमि पर प्रवेश करनेवाले सोमानंद यह पहले बौद्ध भिक्खु थे। इन्ही सोमानंद की वजह से अधिधम्मपिटक इस ग्रंथ पर अपने अधिकारवाणी एवं अभ्यास से बात रखनेवाले ब्रम्ही भिक्खु यु थित्तिला मद्रास में स्थायी हो गये। उन्होंने बौद्ध धम्म पर कुछ किताबे लिखी और बौध्द धम्म प्रचार का कार्य भी किया। वह जब मद्रास छोडकर इंग्लैंड गये तब तक मद्रास में बोध्दों की संख्या बारह हजार हो गयी थी।[11]

**अयोधीदास**

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के पुर्व तीस–चालीस साल पहले दक्षिण भारत के अछुत समुदाय के लोगों को बौद्ध धम्म में दीक्षित करने का बडा कार्य पंडित सी. अयोधीदास ने किया था। दास पेशे से वैद्य थे। साथ में वह तमिल भाषा के एक विव्दान तथा छुआछुत की प्रथा के विरूध्द विद्रोह करनेवाले समाज सुधारक थे। उनके कार्य का महत्व स्पष्ट करते हुए भारत के बौध्द आंदोलन की अभ्यासक गेल ऑम्व्हेट लिखती है –

*"The life of Pandit Iyothee Thass (1845-1914) Shows a remarkable convergence of many themes : the great Dravidian movement in South India, the firm equalitarianism and Enlightenment heritage pioneered by (Mahatma) Phule and finally the re-establishment of Buddhisum in India, this time as the religion of Dalits."*[12]

तामिल भाषा में लिखा *तिरुकुरल* यह धर्मग्रंथ बौध्दों का ही है और उसका लेखक अछुत वर्ग से था ऐसा अयोधीदास मानते थे।[13] अयोधीदास खुद परीया समाज के थे । परीया बुध्द के शाक्य वंश के ही लोग है ऐसा उनका मानना था। उनके पास के अश्वघोष व्दारा लिखित *पर्णपत्र* के आधार पर ऐसा वह मानते थे। इसी वजह से उन्होने 1900 ई मे *शाक्य बुध्दीस्ट सोसायटी* की स्थापना की जो आगे *दक्षिण भारत बौध्द असोसिएशन* के नाम से प्रसिध्द हुयी। इसी असोसिएशन की मदत से अयोधीदास ने कोलार सुवर्ण खाण परिसर में काम करनेवाले मजदुरों में बौध्द धम्म का विचार पहुँचाया, इसी वजह से बहुत से परीया बौध्द बन गये। यही कोलार के बौध्द धम्मदिक्षित मजदुर आगे ब्रम्हदेश और दक्षिण आफ्रिका मे जा बसे, उनके साथ बौध्द धम्म भी उन देशों में गया।[14]

अयोधीदास दक्षिण में कर रहे बौध्द धम्म के काम को कर्नल ऑलकॉट का समर्थन प्राप्त हुआ। 1894 ई. में ऑलकॉट ने ही श्रीलंका में अयोधीदास को बौध्द धम्म की दीक्षा दी थी। बौध्द विचार के प्रचार के लिए अयोधीदास ने *तमिलीयन* इस नामसे समाचार पत्र भी चलाया था, जो चौदा बरस चला। *बुध्द का प्राचीन धर्म* इस नाम से एक ग्रंथ भी उन्होने लिखा। उन्ही की मांग के कारण 1910 ई. की जनगणना में मद्रास सरकार ने बौध्द समुदाय

की अलग से जानकारी लिखी। अपने जीवन के अंत तक यानी 1914 तक, अयोधीदास बौध्द धम्म के लिए कार्यरत रहे। उन्ही की बदौलत दक्षिण में हजारो अछुतों को बौध्द धम्म में दीक्षित होने का मौका मिला।

**पी. लक्ष्मी नरसु**

मद्रास के ख्रिश्चन कॉलेज में भौतिकशास्त्र और रसायनशास्त्र के प्रोफेसर पी. लक्ष्मी नरसु यह अयोधीदास के ही एक सहकारी थे। 1907 ई.में लक्ष्मी नरसु ने 'Essence of Buddhism' नामक महत्वपुर्ण ग्रंथ लिखा। इस ग्रंथ की प्रस्तावना अनागरिक धम्मपाल ने लिखी थी। इसी ग्रंथ की वजह से नरसु दुनियाभर में मुख्यतः जपान और झेकोस्लोव्हाकिया में मशहुर हुए। पी.लक्ष्मी नरसु के इस ग्रंथ का प्रभाव डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के उपर भी पडा था। 1948 ई. में स्वयं डॉ. आंबेडकरने 'Essence of Buddhism' इस ग्रंथ का तिसरा संस्करण प्रकाशित किया था।[15] 'Essence of Buddhism' इस ग्रंथ के साथ नरसु ने *बुध्द धर्म मतलब क्या?*, *बुध्द धर्म और हिंदु धर्म*, *जातिओं का अध्ययन* आदी ग्रंथों का भी लेखन किया था। जिनमें *बुध्द धर्म मतलब क्या?* यह पुस्तक उस समय तक बुध्द के बारे में संशोधन में प्राप्त सभी नयी जानकारी को इकट्ठा कर लिखी गयी एक महत्वपुर्ण पुस्तक थी। इस पुस्तक का जर्मन और झेक भाषा में भी अनुवाद हुआ।

बौध्द धम्म में दीक्षित हुए नवदीक्षित व्यक्तीओं को बौध्द धम्म क्या है यह समझाने के लिए नरसु विशेष कक्षा लगवाते थे। उन्होने उनके जीवनकाल में चार बौध्द परिषदों का आयोजन भी किया था। 1934 ई. मे नरसु की मृत्यु हुयी। तमिलनाडू में वह एक महान अध्यापक के रूप में जाने जाते है।

**अप्पादुराय**

आयोधीदास और पी. लक्ष्मी नरसु के साथ दक्षिण भारत में बौद्ध धम्म प्रचार और प्रसार का कार्य करनेवालो में अप्पादुराय यह एक महत्वपूर्ण व्यक्ती थे। उन्होने म्हैसुर राज्य के कुछ इलाखों में बौध्द धम्म का प्रसार किया। 1950 में अप्पादुराय व्दारा तमिल भाषा में लिखी *बुध्द का धम्म* यह किताब बौध्द साहित्य में एक महत्वपूर्ण योगदान थी।

**धर्मानंद कोसंबी**

आधुनिक समय के बौद्ध धम्म पुनरूज्जीवन आंदोलन में मुल्यवान योगदान देनेवालो में एक थे आंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विव्दान धर्मानंद कोसंबी (1876.1947)। 'बालबोध' नामक बाल मासिक पत्रिका में क्रमशः प्रसिध्द होनेवाले बुध्द–चरित्र को पढ**कर** अपने कुमार आयु में ही धर्मानंद कोसंबी बुध्द की ओर आकर्षित हुए थे। आगे चलकर उन्होने बौध्द धम्म की दीक्षा ली।

बुद्धलीला सार संग्रह, बौध्द संघ का परिचय, समाधिमार्ग, जातक कथाएँ, पार्श्वनाथ का चातुर्याम धर्म आदि विव्दतापूर्ण ग्रंथो का लेखन कोसंबीने किया। साथ में धम्मपद और सुत्तनिपात इन दो महत्वपूर्ण बौध्द ग्रंथो का अनुवाद भी कोसंबी ने किया।

आगे बिसवी शताब्दी में राहुल सांस्कृत्यायन, भदंत आनंद कौसल्यायन, जगदीश कश्यप जैसे विव्दान बौद्ध मत की ओर आकृष्ठ हुए। इन सभीने बौद्ध साहित्य को हिंदी में अनुवादित कर उसे प्रकाशित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। जिस वजह से हिंदी भाषिक प्रदेश में 2500 साल पुराना बौद्ध विचार फिर से जीवित हो उठा।

इसी बीच 1947 मे भारत को स्वाधीनता प्राप्त हुई। स्वतंत्र भारत देश के राष्ट्रध्वज पर चक्रवर्ती बौद्ध सम्राट अशोक का *अशोकचक्र* सन्मान के साथ स्थानापन्न हो गया। सम्राट अशोक के सारनाथ स्तंभ पर अंकित चार शेरोवाला शिल्प भारत का राजचिन्ह, राजमुद्रा बन गया। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू भी बौध्द विचारों में आस्था रखते थे। इसी वजह से 1956 में तथागत गौतम बुध्द के महापरिनिर्वाण का 2500 वा वर्ष बडे पैमाने में राष्ट्रीय स्तर पर मनाया गया। बुध्द जयंती भी पहिली बार भारत की राजधानी दिल्ली में मनायी गयी। केंद्र सरकारने इस उपलक्ष में बुध्द के जीवन पर एक फिल्म भी बनाई और बौध्द विचारों की जानकारी देनेवाली पुस्तकें भी प्रकाशित की गयी।

**डॉ. बाबासाहब आंबेडकर और बौध्द धम्मचक्र प्रवर्तन**

हम ने देखा की डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने बौध्द धम्म का स्वीकार करने से पूर्व ही भारत के बुध्दीवादी और विव्दानों में बौध्द धम्म के प्रति आकर्षण बढ गया था। डॉ. आंबेडकर भी उन्ही बुध्द की ओर आकर्षित होनेवाले अनेक विव्दानो में से एक थे। किंतु डॉ. बाबासाहब आंबेडकर का निरालापण और महानता इस बात में निहित है की उन्होने बौध्द धम्म का उपयोग बडी ही यशस्विता और परिणामकता के साथ अपने लाखो अछूत भाई बहनों को ब्राम्हणवादी धर्म–जाति व्यवस्था के गुलामी एवं सांस्कृतिक अधिपत्य (हेजिमनी) से मुक्ती के लिए किया। इसिलिए डॉ. आंबेडकर व्दारा 14 अक्तुबर 1956 को नागपूर में अपने पाच लाख से अधिक अनुयायींओं को बौध्द धम्म की दीक्षा देना यह घटना केवल बौध्द धम्म के इतिहास में ही नही बल्की पुरे विश्व के आधुनिक इतिहास में एक अभूतपूर्व घटना थी। अहिंसक, संविधानिक मार्ग से सबसे नीचे के तबके को एक नयी पहचान, एक नयी आयडेंटीटी देनेवाली वह एक समाज क्रांती थी।

डॉ. आंबेडकरने बौध्द धम्म विचारों को आधुनिक वैश्विक मुल्यों के साथ जोडकर उसे गतिमान कर दिया। डॉ. आंबेडकर के कार्य की महानता इसी में है की उन्होंने दलितों के मुक्ती के गांधीवादी और मार्क्सवादी भ्रमों को दूर कर भारत के दबे–पिछडे वर्ग को मुक्ति का *नवयान* बौध्द धम्म मार्ग खुला कर दिया।[17] साथ में बौध्द धम्म को फिरसे विश्वव्यापी बनने का मार्ग भी प्रशस्त किया।

**सारांश**

ईसा पूर्व छठी शताब्दी में भारत भूमी से निकलकर विश्वधर्म बना बौध्द धम्म, आठवी शताब्दी के आते आते कई कारणों से तथा बारहवी शताब्दी में उसपर हुए मुस्लीम आक्रमण के आघात से अपने स्वयं की जन्मभूमी भारत से ही लुप्त हो गया था । इस स्थिती में जब बौध्द धम्म को स्थापित होकर 2400 वर्ष हो चुके थे, तब भारत में अंग्रेजी औपनिवेशिक शासन काल में जेम्स प्रिंसेफ, अलेक्झांडर कॅनिगहॅम जैसे युरोपियन शोधकर्ताओं के प्रयत्नों से बौध्द धम्म का भारत में पुनरुज्जीवन होना प्रारंभ हुआ। उस पुनरूज्जीवन की प्रक्रीया को स्थापित करने की शुरूआत श्रीलंकन बौध्द पंडित अनागरिक धम्मपाल व्दारा इसा 1891 में *महाबोधी सोसायटी ऑफ इंडिया* के स्थापना के साथ हुयी। इसके साथ ही रिझ डेव्हिड, कर्नल ऑलकॉट, सर एडविन ॲरनॉल्ड, अयोधीदास, पी. लक्ष्मी नरसू, अप्पादुराय, धर्मानंद कोसंबी, कृष्णराव केलुस्कर जैसे विव्दानों ने अतित में खोया बौध्द धम्म का विचार अपने लेखन और कार्य व्दारा पुनर्जागृत किया जिससे विश्व का ध्यान बौध्द धम्म की ओर आकर्षित हुआ। उसी को आगे बढाते हुए डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने विश्व इतिहास की सबसे बडी बौध्द धम्म दीक्षा का ऐतिहासिक कार्य 1956

में करके बौध्द धम्म के चक्र को फिरसे गतिमान कर दिया। डॉ. आंबेडकर व्दारा किये गये बौध्द धम्म के ऐतिहासिक पुनरूज्जीवन की महानता इसी में है की डॉ. आंबेडकर ने बौध्द धम्म का उपयोग अपने लाखो पिछडे दलित भाई–बहनोंको ब्राम्हणवादी धर्म–जातिव्यवस्था के गुलामी एवं सांस्कृतिक अधिपत्य (हेजीमनी) से मुक्ती के लिये किया। डॉ. आंबेडकर की वजह से ही आज फिर से भारत में बौध्द धम्म का परचम लहरा रहा है और वह पुरे विश्व में फिर से शांती और मानवता का संदेश देने के लिए तैयार है, आधुनिक जीवन मूल्यों के साथ।

**संदर्भ**

१. Eleanor Zelliet, ***From Untouchable to Dalit,*** Manohar Publication New Delhi, 2005 Page 189.

२. Gail Omvedt, ***Buddhism in India,*** Sage Publication, New Delhi, 2003, P.124

३. विजयकुमार, ***"बौध्द धर्माचा ऐतिहासिक आढावा"*** (मराठी) अनुवादित शोधनिबंध, अनुवादः वसंत मून, ***'डॉ. आंबेडकर आणि धम्मक्रांती'***, डॉ. आंबेडकर रिसर्च इन्स्टिट्यूट प्रकाशन, नागपूर, 1978 पृ. 11.

४. Gail Omvedt, Op. Cit, p. 235.

५. Eleanor Zelliet, Op. Cit, p. 198.

६. Gail Omvedt, Op Cit., p. 235.

७. डॉ. प्रदीप आगलावे, (मराठी) ***धम्मचक्र प्रवर्तनानंतरचे परिवर्तन,*** आयुक्त, औरंगाबाद महानगरपालिका प्रकाशित , औरंगाबाद, 2009, पृ. 04.

८. डी. सी. अहिर, (मराठी ) ***"डॉ. आंबेडकर आणि भारतातील बुध्द धम्माची चळवळ,"*** धम्मचक्र प्रवर्तन सुवर्ण महोत्सव विशेषांक, माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन, मुंबई, आक्टोबर 2006, पृ. 31.

९. डॉ. प्रदीप आगलावे, वही, पृ. 05.

१०. विजयकुमार, वही पृ. 15.

११. विजयकुमार, वही, पृ. 13.

१२. Gail Omvedt, Op. Cit, p. 236.

१३. विजयकुमार, वही पृ. 11.

१४. विजयकुमार, वही पृ. 11.

१५. विजयकुमार, वही पृ. 11.

१६. विजयकुमार, वही पृ. 11.

१७. Gail Omvedt Op. Cit, p. 242.